RNI NO-UPHIN/2023/84340



# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | बुधवार, 26 जून 2024 | वर्ष: 01, अंक: 102, पृष्ठ: 8, मूल्य: 2 रु. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

## आपातकाल के काले दिन लाने वाले' संविधान के प्रति प्रेम का दावा नहीं कर सकते : मोदी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नीत इंडिया समूह के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ देश के संविधान के लिए सबसे बड़ा खतरा होने का नारा लगाये जाने के एक दिन बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पलटवार करते हुए कहा कि आपातकाल लगाने वालों को संविधान के प्रति प्रेम का दावा करने का कोई अधिकार नहीं है।

श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर सिलसिलेवार पोस्ट में कांग्रेस पर 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाये गये आपातकाल के लिए हमला बोला। आपातकाल को 'काले दिन' के रूप में याद करते हुए उन्होंने कहा , यह दिन हमें याद दिलाएगा कि कैसे कांग्रेस पार्टी ने बुनियादी स्वतंत्रताओं को नष्ट किया और भारत के संविधान को रौंद दिया, जिसका हर भारतीय बहुत सम्मान करता है। उन्होंने कहा , जिस मानसिकता के कारण आपातकाल लगाया गया था, वह अभी भी उसी पार्टी में जीवित है। आज का दिन उन सभी महान पुरुषों और महिलाओं को श्रद्धांजलि देने का दिन है , जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया। प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी ऐसे समय



में आयी है जब देश आज 25 जून को आपातकाल लागू होने की 49 साल पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा , सिर्फ सत्ता पर काबिज रहने के लिए तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने हर लोकतांत्रिक सिद्धांत की अवहेलना की और देश को जेल बना दिया। कांग्रेस से असहमत होने वाले किसी भी व्यक्ति को प्रताड़ित और परेशान किया जाता था। सबसे कमजोर वर्गों को निशाना बनाने के लिए सामाजिक रूप से प्रतिगामी नीतियां लागू की गयी थी। कांग्रेस पार्टी पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए श्री मोदी ने कहा, आपातकाल लागू करने वालों को हमारे संविधान के प्रति अपने प्रेम का दावा करने का कोई अधिकार नहीं है। ये वही लोग हैं जिन्होंने अनगिनत मौकों पर अनुच्छेद 356 लगाने के साथ ही प्रेस की स्वतंत्रता को खत्म करने वाला विधेयक पारित किया तथा संघवाद को नष्ट किया और संविधान के हर पहलू का उल्लंघन किया। उन्होंने दोहराया कि जिस मानसिकता के कारण आपातकाल लगाया गया, वह अभी भी उसी पार्टी में जीवित है। उन्होंने कहा, ÷वे अपने दिखावे के ज़रिये संविधान के प्रति अपनी घृणा को छिपाते हैं, लेकिन देश के लोगों ने उनकी हरकतों को समझ लिया है और इसीलिए उन्होंने उन्हें बार-बार नकार दिया है। आपातकाल की घोषणा ठीक 49 साल पहले 24-25 जून- 1975 की मध्यरात्रि को की गयी थी।

## राहुल ने फिर किया मोदी पर हमला



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आज फिर हमला किया और कहा कि वह बाहर जो कुछ कहते हैं तथा अंदर ठीक उसका उलट काम करते हैं। श्री गांधी ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि श्री मोदी संसद में जो बोलते हैं वह करते नहीं हैं। उनके शब्दों का कोई मतलब नहीं होता है। वह संसद के अंदर कुछ कहते हैं और बाहर कुछ और ही करते हैं। उन्होंने कहा कि श्री मोदी बाहर कहते हैं कि परस्पर सहयोग से और सबकी सहमति से वह काम करेंगे लेकिन असलियत में ऐसा करते ही नहीं हैं।

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से गिरिडीह-बेंगाबाद मुख्य मार्ग का विस्तारीकरण करने की डुमांग

**रांची।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज ने दिल्ली प्रवास के दौरान कई केंद्रीय मंत्रियों से मिलकर झारखंड से जुड़ी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया तथा निदान के लिए ज्ञापन सौंपा। श्री राज ने आज बताया की सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर राष्ट्रीय राजमार्ग के विस्तार एवं प्रस्तावित प्रस्तावों को अमली जामा पहनाने के लिए ज्ञापन दिया। इसमें गिरिडीह जिला का गिरिडीह बेंगाबाद मुख्य मार्ग का विस्तारीकरण भी शामिल है।

## सत्ता पक्ष और विपक्ष संविधान बचाने का कर रहे नाटक : मायावती

**एजेंसी**

**लखनऊ ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने भाजपा और कांग्रेस दोनों पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सत्ता और विपक्ष दोनों की अंदरूनी मिलीभगत है। दोनों जबरदस्ती संविधान बचाने का नाटक कर रहे हैं। अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए ये दोनों ही भारतीय संविधान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, ये कतई उचित नहीं है। बसपा मुखिया मायावती मंगलवार को लखनऊ में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया को संबोधित कर रही थी।मायावती ने कहा कि सत्तारूढ़ दल और विपक्ष अंदर से मिलीभगत कर बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के संविधान को बदलने में जुटे हुए



हैं। संविधान विरोधी दलों की जब केंद्र में सरकार रही तो उन्होंने इसमें इतने संशोधन कर दिए कि अब यह बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का समता मूलक, धर्मनिरपेक्ष और बहुजन हिताय संविधान नहीं रह गया है। अब यह जातिवादी, पूंजीवादी और सांप्रदायिक संविधान बनकर रह गया है। उन्होंने आगे कहा, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को शिक्षा और नौकरी में आरक्षण का लाभ न मिले या फिर यह निष्प्रभावी रहे, इसकी कोशिश की जा रही है। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा तथा अन्य पार्टियों की सरकार गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए संविधान बचाने का नाटक कर रही है। जातिवार गणना पर भी विपक्ष दिखावा कर रहा है।

## लोकसभा स्पीकर पद को लेकर नहीं बन पाई आम सहमति, ओम बिरला और के सुरेश के बीच मुकाबला

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अट्ठारहवीं लोकसभा के अध्यक्ष पद के लिए भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के ओम बिरला और कांग्रेस के के. सुरेश ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इंडिया समूह ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहले इंडिया समूह को लोकसभा उपाध्यक्ष पद देने का वादा कर सबके सहयोग से सरकार चलाने की बात की थी लेकिन अब वह उपाध्यक्ष पद भी विपक्षी गठबंधन को देने को तैयार नहीं है। इसलिए विपक्षी गठबंधन ने लोकसभा अध्यक्ष के लिए अपना उम्मीदवार मैदान में उतारा है। कांग्रेस





अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने श्री मोदी पर आरोप लगाया है कि वह सबके साथ चलकर सहमति की बात करते हैं लेकिन उनके काम इसके ठीक विपरीत होते हैं। उन्होंने कहा देश भविष्य की ओर देख रहा है, आप अपनी कमियाँ छिपाने के लिए अतीत को ही कुरेदते रहते हैं। पिछले 10 वर्षों में 140 करोड़ भारतीयों को आपने जो अघोषित आपातकाल का आभास करवाया उसने लोकतंत्र और संविधान को गहरा आघात पहुँचाया है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा नरेन्द्र मोदी कहते कुछ हैं और करते कुछ हैं। ये इनकी रणनीति है लेकिन इन्हें इसे बदलना ही पड़ेगा। क्योंकि पूरा देश जानता है कि श्री मोदी के शब्दों का कोई मतलब नहीं है। कल राजनाथ सिंह जी ने मल्लिकार्जुन खडगे जी को फ़ोन किया और कहा कि आप हमारे स्पीकर पद के उम्मीदवार का समर्थन कीजिए। हम स्पीकर का समर्थन करने को तैयार हैं लेकिन संसदीय परंपरा के अनुसार उपसभापति विपक्ष का होना चाहिए। संयुक्त प्रगतिशील सरकार में भी यही हुआ था। राजनाथ सिंह जी ने कहा कि वह दोबारा फ़ोन करेंगे लेकिन अभी तक फ़ोन नहीं आया। नीयत साफ़ नहीं है, नरेन्द्र मोदी कोई कंस्ट्रक्टिव कोऑपरेशन नहीं चाहते हैं।

## प्रवेश परीक्षाओं का सिस्टम दुरुस्त करने के लिए एक्सपर्ट कमेटी की हुई पहली मीटिंग

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** प्रवेश परीक्षाओं के सिस्टम को दुरुस्त करने के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा एक एक्सपर्ट कमेटी गठित की गई है। दिल्ली में इस कमेटी की मंगलवार को पहली मीटिंग हुई।

कमेटी का गठन हाल ही में नीट व यूजीसी जैसी परीक्षाओं में आई अनियमितताओं के बाद किया गया है। इस एक्सपर्ट कमेटी का उद्देश्य प्रवेश परीक्षाओं के लिए एक बेहतर सिस्टम तैयार करना है। यह कमेटी परीक्षा प्रक्रिया के तंत्र में सुधार, डेटा



सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की संरचना व कार्यप्रणाली पर सिफारिशें करेगी। यह कमेटी इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में काम कर रही है। डॉ. के. राधाकृष्णन ने कमेटी की बैठक के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि हमारे लिए पहली चुनौती यह है कि अगले 15 दिनों में अधिक से अधिक छात्रों व उनके अभिभावकों को इस प्रक्रिया में शामिल करें। इससे यह मालूम हो सकेगा एग्जामिनेशन सिस्टम को कैसे दुरुस्त किया जाए।

उन्होंने कहा कि एक ऐसे सिस्टम को डेवलप करने की कोशिश है जो पूरी तरीके से टेंपर प्रूफ हो। हमारी कोशिश एक ऐसे रॉबस्ट सिस्टम को भी डेवलप करने की है जिसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना न हो।

## कांग्रेस की गोद में बैठे दलों को माफ नहीं करेगी जनता : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**एजेंसी**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) का नाम लिये बगैर निशाना साधते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 50 वर्ष पहले कांग्रेस सरकार द्वारा देश पर थोपे गये आपातकाल का विरोध करने वाले आज सत्ता के लालच में उसी कांग्रेस की गोद में जाकर बैठ गये हैं जिन्हे देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी।आपातकाल की 50वीं बरसी के मौके पर श्री योगी ने मंगलवार को यहां पत्रकारों को संबोधित करते हुये कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने आपातकाल लागू कर संविधान का गला घोंटा था। इससे



पहले भी देश की आजादी के बाद कांग्रेस ने संविधान में जबरन संशोधन कर कश्मीर में धारा 370 लागू करायी थी जो देश की एकता और अखंडता के लिये गंभीर खतरा बन गयी थी।

उन्होने कहा कि कांग्रेस के लिये देश की लोकतांत्रिक प्रणाली और संविधान का मखौल उड़ाना कोई नयी बात नहीं है। उनके नेताओं को जब मौका मिलता है तो देश में नहीं बल्कि विदेशी सरजमीं पर संविधान पर सवाल खड़े करते रहे है। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने तो पिछले वर्षो में सरेआम संसद में एक विधेयक की प्रतियां जला कर लोकतंत्र का अपमान किया था। योगी ने कहा कि संविधान का बार बार अपमान करने वाली कांग्रेस का आज सिर्फ चेहरा बदला है मगर चरित्र वही है। वहीं सत्ता के लालच में इमरजेंसी का विरोध करने वाले राजनेताओं द्वारा खड़े किये गये दल कांग्रेस की गोद में जाकर बैठ गये हैं। यह पूरा देश देख रहा है और जनता इसे माफ करने वाली नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल और केरल समेत आज जहां जहां भी कांग्रेस अथवा उसके सहयोगी दलों की सरकार है,वहां खुलेआम लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है जबकि दूसरी ओर कांग्रेस और उसके सहयोगी संविधान की दुहाई देकर संसद की कार्यवाही को बाधित करने का प्रयास कर रहे है जो लोकतंत्र और संविधान का सरासर अपमान है।


सत्यम् शिवम् शुभम् ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स

College Code : 01083

टिकरी, कौड़िहार, प्रयागराज

B.A. हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, प्रा० इतिहास, गृह विज्ञान, दर्शन शास्त्र राजनीति विज्ञान, उर्दू, भूगोल, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, अर्थशास्त्र




M.A. हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान, प्रा० इतिहास

B.Sc. Agriculture B.Com/M.Com

B.Sc./M.Sc./D.El.Ed. (BTC) B.Pharma/D.Pharma

LL.B. B.A. L.L.B (प्रस्तावित) I.T.I. (इलेक्ट्रीशियन, फिटर, कोपा)



संजय शुक्ल
प्रबंधक

छात्रवृत्ति की सुविधा भी उपलब्ध

Mob. 9451181332, 9956930129

## अपहरण का वांछित आरोपी गिरफ्तार




**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस उ0नि0 विजय शंकर मौर्य मय हमराह पुलिस बल द्वारा अपहरण में वांछित अभियुक्त पंछू पुत्र अर्जुन नि0 बमरौली थाना पुरमुफ्ती जनपद प्रयागराज को गाजा मोड़ से गिरफ्तार किया गया।

## यातायात पुलिस ने चेकिंग के दौरान 141 वाहनों काटा चालान

**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया/चार पहिया वाहनों को चेक किया गया । यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 141 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 01 वाहन सीज किया गया ।

## निरोधात्मक कार्यवाही मे 08 अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में ( थाना कौशाम्बी से 03, थाना पिपरी से 03, थाना कड़ाधाम से 02 ) कुल 08 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान मा0 न्यायालय किया गया ।

## गैंगस्टर का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार




**सबसे तेज प्रयागराज**
**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सदर कुशीनगर अभिषेक प्रताप अजेय के नेतृत्व में अपराध व अपराधियों के विरुध्द चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को थाना कुबेरस्थान पुलिस द्वारा सेखवनिया बुजुर्ग महात्मा गांधी चौराहा के पास से गैगेस्टर एक्ट मे वाँछित चल रहे एक नफर अभियुक्त- पप्पू शुक्ला पुत्र उपेन्द्र सा0 जर्दा भैसहा पोस्ट कुसमी थाना खोराबार जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया



**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस उ0नि0 अनिल कुमार पाण्डेय मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त रवि प्रकाश गुप्ता पुत्र बाँके लाल गुप्ता निवासी बिरधौलपूर थाना थाना धाता जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार किया गया ।

## होलागढ़ विकास खंड से ट्रांसफर हुए चार सचिव की हुई विदाई




**अभिषेक**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**होलागढ़।** विकासखंड के 4 ग्राम पंचायत अधिकारियों का स्थानांतरण हुआ अधिकारी कर्मचारियों ने माला पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर की विदाई जानकारी के मुताबिक होलागढ़ विकासखंड में करीब 5 वर्ष से ज्यादा रह रहे सचिन का स्थानांतरण आज हुआ जिसमें दो ग्राम पंचायत अधिकारी आशीष तिवारी और सुशील दुबे का स्थानांतरण श्रृंगवेरपुर ब्लॉक के लिए हुआ वहीं पर स्मिता तृप्ति का स्थानांतरण फूलपुर ब्लॉक में हुआ एवं नंदकिशोर द्विवेदी का स्थानांतरण बहरिया ब्लॉक में हुआ 4 ग्राम सचिवों के ट्रांसफर होने के बाद नए में एक ग्राम विकास अधिकारी राजीव सिंह ने सोरांव से आकर होलागढ़ ब्लाक में कार्यभार संभाला इस तरह से शासन की मंशा के मुताबिक कर्मचारियों का स्थानांतरण बड़ी तेजी के साथ जिले में किया गया।

## रिश्वत लेते हुए कानूनगो को एंटी करप्शन टीम ने किया गिरफ्तार


सबसे तेज प्रयागराज
होलागढ़। थाना क्षेत्र मे एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेते हुए कानूनगो को किया गिरफ्तार एंटी करप्शन टीम निरीक्षक रविंद्र सिंह के नेतृत्व में होलागढ़ क्षेत्र के राजस्व अधिकारी राजेंद्र शर्मा कानूनगो को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता अचल मिश्रा निवासी राजापुर चौबारा मे जमीन बंटवारे को लेकर 2 माह पहले एसडीएम सोरांव से आदेश करवाया था जिस पर कानूनगो को निर्देशित किया गया था अचल मिश्रा ने कानून को कई बार हकबंदी के लिए कहा परंतु टालमटोल करते रहे अचल मिश्रा ने बताया कि कानून राजेंद्र शर्मा द्वारा?10000 की मांग की गई थी जिसे हम देने से इनकार कर दिया परंतु बाद में ?6000 पर हमारी इनकी बात हुई जिस पर मंगलवार को दोपहर 2:30 बजे होलागढ़ कस्बे में एंटी करप्शन टीम द्वारा रंगे हाथ इन्हें पकड़ा गया कानूनगो को रिश्वत लेते हुए की घटना क्षेत्र में आग की तरह फैल गई दर्जनों लेखपाल होलागढ़ थाने पर मौके पर पहुंचे एंटी करप्शन टीम के निरीक्षक रविंद्र सिंह ने कानूनी कार्रवाई करते हुए होलागढ़ थाने में थानाध्यक्ष सविन तोमर को सुपुर्द किया, एंटी करप्शन टीम में निरीक्षक उपेंद्र सिंह सुरेंद्र दीपक शुक्ला राकेश कुमार विकास कुमार आदि अन्य दर्जनों लोग टीम में मौजूद रहें।

# पुलिस के प्रयास से चार परिवार साथ रहने के हुए राजी




**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी** । पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में वैवाहिक विवादों का त्वरित निस्तारण करने हेतु महिला थाना/महिला परामर्श केन्द्र द्वारा प्रयास किया जा रहा है जिसके क्रम में- मंगलवार को पति-पत्नी के परिवारिक विवाद सम्बन्धी 07 मामले में दोनों पक्ष के लोग उपस्थित आये। महिला थाना/महिला परामर्श केन्द्र द्वारा काउंसलिंग करने के परिणामस्वरूप 04 प्रार्थना पत्रों में दोनों पक्षों की समस्याओं को सुनते हुए आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा आपस में एक- दूसरे को विश्वास दिलाया गया कि हम दोनों नवजीवन की नई शुरूआत करते हुए हंसी-खुशी अपना जीवन यापन करेगें। महिला थाना प्रभारी/काउंसलरों द्वारा दंपति को नवजीवन की शुरूआत की शुभकामनाएं देते हुए समझाया गया कि बीती बातों को लेकर विवाद नही करेंगे और आपस में प्यार से रहेगें। महिला थाना प्रभारी/काउंसलरों द्वारा 15 दिन बाद दम्पति की कुशल क्षेम पूछने हेतु पुनः बुलाया गया है।

# कड़ाधाम थाने के निरीक्षण पर सीओ को मिला सब ठीक, की सराहना





**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** मंगलवार को क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा थाना कड़ाधाम का त्रैमासिक निरीक्षण कर थाना कार्यालय, हवालात, मालखाना, टॉयलेट, बंदी गृह एवं रजिस्टरों को चेक किया गया व चलाए जा रहे अभियानों में कार्यवाही की समीक्षा की गयी तथा थाना परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।
इस दौरान थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह समेत कई पुलिसकर्मी मौजूद रहें।

# लखनऊ जोन की 29वीं अन्तर्जनपदीय खेलकूद प्रतियोगिता का एसपी ने किया शुभारम्भ




**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी** । मंगलवार से रिजर्व पुलिस लाइन्स बाराबंकी में आयोजित द्विदिवसीय लखनऊ जोन की 29वीं अन्तर्जनपदीय कुश्ती क्लस्टर (कुश्ती, बाक्सिंग, बॉडीबिल्डिंग व आर्म रेसलिंग) महिला/पुरुष प्रतियोगिता-2024 का पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा शुभारम्भ किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक चिरंजीवी नाथ सिंहा, अखिलेश नारायण सिंह, उत्तरी व दक्षिणी, प्रतिसार निरीक्षक एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# पुलिसकर्मियों को फिट रहने के लिए लगवाई दौड़




**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी** । अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी अशोक कुमार वर्मा द्वारा पुलिस लाइन कौशाम्बी में मंगलवार की परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का टोली बार निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान एएसपी द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन कर बेहतर टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस कर्मियों को फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई एवं ड्रिल कराई गई।
परेड के उपरान्त विभिन्न शाखाओं एवं पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण कर संबंधित को साफ-सफाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# श्रद्धालुओं से भरी बस में ट्रेलर ने मारी टक्कर एक महिला की मौत दो घायल

**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशाम्बी।** प्रयागराज से मथुरा वृंदावन के लिए जा रही 40 श्रद्धालुओं की बस में ट्रेलर ट्रक ने टक्कर मार दी,हादसे में महिला का सिर धड़ से अलग होकर सड़क पर गिर पड़ा,वही दो लड़कियां भी घायल हो गई,घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई।
जानकारी के मुताबिक श्रीगंगानगर राजस्थान के रहने वाले 40 श्रद्धालुओं को लेकर बोल्बो बस संख्या फख 13 ढअ 9101से प्रयागराज से मथुरा वृंदावन की ओर जा रही थी सोमवार की रात में लगभग 2 बजे कोखराज थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे पर स्थित पंचम होटल के पास दूसरे तरफ से आ रहे वाहन संख्या फख06ॠइ9735 ट्रेलर ने बस में पीछे से टक्कर मार दी, जिस कारण बस में बैठी एक महिला अलका पत्नी स्वर्गीय अनंत कुमार उम्र करीब 40 वर्ष निवासी सरदारपुर बीभा थाना सूरतगण सदर कोतवाली जनपद गंगानगर राजस्थान की मौके पर ही मौत हो गई और दो बच्चियों संध्या 12 वर्ष व मल्लिका उम्र 8 वर्ष पुत्री गण पवन कुमार निवासी सरदारपुर बीभा थाना सूरतगण सदर कोतवाली जनपद गंगानगर राजस्थान घायल हैं।
मौके पर पहुंचे पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल मंझनपुर भेजा जहां उनका इलाज चल रहा है,पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आरोपी वाहन चालक भैरों गुब्बर पुत्र सुगवा उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम सवारिया थाना पंडेर जिला भीलवाड़ा राजस्थान पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## एएसपी ने व्यापारियों के साथ की गोष्ठी सुनी समस्याएं



**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी अशोक कुमार वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय स्थित दुर्गा भाभी सभागार में जनपद के व्यापारियों के साथ गोष्ठी की गयी। इस दौरान आये हुए समस्त व्यापारियों की समस्याओं को सुना गया तथा निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी मंझनपुर सत्येन्द्र प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी कौशाम्बी अभिषेक सिंह मौजूद रहे।

## भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2024 के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया गया



**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी** । बाराबंकी पुलिस द्वारा भारतीय न्याय संहिता 2024, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2024 व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2024 के सम्बन्ध में लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। लगातार दिए जा रहे प्रशिक्षण के क्रम में मंगलवार को हिन्द मेडिकल कॉलेज, बाराबंकी स्थित ऑडिटोरियम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ0 अखिलेश नारायण सिंह द्वारा जनपद के विभिन्न थानों पर नियुक्त 300 से अधिक मुख्य आरक्षी/आरक्षीगण को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक अभियोजन नागेश त्रिपाठी,पीओ प्रभाकर दुबे, एपीओ आकाश चित्रांष व क्षेत्राधिकारी सदर सुमित त्रिपाठी ने उपरोक्त सन्दर्भ में प्रतिभागियों का ज्ञानवर्धन किया।

## पुलिस का चला अभियान ,6 गिरफ्तार, 130 लीटर शराब बरामद

**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** कप्तान बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर जनपद में कच्ची शराब बनाने वाले की तलाश में 6 लोगों को गिरफ्तार कर सैकड़ो लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुए लिखा पढ़ी किया।
थाना सराय अकिल पुलिस उ0नि0 बलराम सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त बेलई पुत्र राम किशोर नि0 खरका फकीराबाद थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया।
थाना सराय अकिल पुलिस उ0नि0 सुरेश चन्द्र दुबे मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त नेपाल सरोज पुत्र लालदास नि0 फकीराबाद थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया।
थाना सराय अकिल पुलिस उ0नि0 अभिषेक गुप्ता मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त गुलाब चन्द्र पुत्र राम सिंह नि0 तिल्हापुर थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया ।
थाना चरवा उ0नि0 मुन्ना लाल यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त सन्दीप सरोज पुत्र बुधन नि0 गुआरी थाना चरवा जनपद कौशाम्बी को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किए।
थाना सन्दीपनघाट पुलिस उ0नि0 बिन्दू लाल बिन्द मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त बडेलाल सरोज पुत्र जगरुप सरोज नि0 मलाक मोहिउद्दीनपुर जनपद कौशाम्बी को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया।
मोहब्बतपुर पइंसा पुलिस उ0नि0 शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त राजेश कुमार पुत्र शंकर लाल नि0 कैमा थाना मोहब्बतपुर पइंसा जनपद कौशाम्बी को 40 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया।

## सेवरही पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार




**सबसे तेज प्रयागराज**
**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को थाना सेवरही पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त शत्रुघन पुत्र विद्या सिंह साकिन दवनहा थाना सेवरही जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी करते हुए जेल भेज दिया।
गिरफ्तार करने वाली टीम
प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय नरायन राय थाना सेवरही व0उ0नि0 राजेन्द्र सिंह यादव- उ0नि0 कपिलदेव चौधरी, उ0नि0 छोटेलाल थाना सेवरही जनपद कुशीनगर।

## मुट्ठीगंज पुलिस द्वारा चोरी का आरोपी गिरफ्तार, मोबाइल बरामद

सबसे तेज प्रयागराज
प्रयागराज। डीसीपी नगर दीपक भूकर के निर्देश पर मुट्ठीगंज पुलिस चोरी लूट के अपराधियों की तलाशमें मुख्तार की सूचना पर चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर मोबाइल बरामद करते हुए जेल भेज दिया।
प्रभारी निरीक्षक मुट्ठीगंज सुनील बाजपेई ने बताया कि क्षेत्र में चोरी की अपराधियों की तलाश में चेकिंग किया जा रहा था इसी बीच मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अजीत सोनकर पुत्र जियालाल सोनकर निवासी ग्राम डेरा थाना बारा जनपद प्रयागराज, हाल पता म0नं0- 818 दरियाबाद कोईराना थाना अतरसुइया जनपद प्रयागराज को मंगलवार को गऊघाट रेलवे लाइन के किनारे थाना क्षेत्र मुट्ठीगंज से गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी का 01 मोबाइल फोन बरामद किया गया ।
गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम
उ0नि0 बृजेश कुमार सरोज.प्रशि0 उ0नि0 विकास चौधरी, थाना मुट्ठीगंज कमिश्नरेट प्रयागराज ।

## अपहरण का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** डीसीपी यमुनानगर श्रद्धा नरेंद्र पांडेय के निर्देश पर मांडा पुलिस वांछित वारंटी आरोपी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर अपहरण के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी करते हुए जेल भेज दिया।

थाना माण्डा पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त मोनू पुत्र राजेश कुमार निवासी ग्राम चकडीहा थाना माण्डा जनपद प्रयागराज को मंगलवार को माण्डा रोड तिराहा के पास थाना क्षेत्र माण्डा से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस टीम का विवरण

उ0नि0 शाहनवाज आलम.उ0नि0 कपिल द्विवेदी थाना माण्डा कमिश्नरेट प्रयागराज।

## हत्या के प्रयास में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार




**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** एसीपी धूमनगंज वरुण कुमार के निर्देश पर धूमनगंज पुलिस हत्या के प्रयास के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को मंगलवार गिरफ्तार कर लिखा पड़ी करते हुए जेल भेज दिया।

प्रभारी निरीक्षक धूमनगंज वैभव सिंह ने बताया कि वांछित अपराधियों की तलाश में मुखबिर की सूचना पर हत्या के प्रयास के मामले में वांछित अभियुक्त मुकेश उर्फ शिव प्रताप सिंह पुत्र अनन्त प्रसाद सिंह निवासी 230 मयूर बिहार कालोनी झलवा थाना धूमनगंज प्रयागराज, मूल पता घरवासीपुर थाना खखरेरू जनपद फतेहपुर को रेलवे डाट पुल सुबेदारगंज राजरुपपुर थाना क्षेत्र धूमनगंज से गिरफ्तार किया गया ।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम

प्र0नि0 वैभव सिंह, थाना धूमनगंज,हे0का0 शिवशंकर सिंह, थाना धूमनगंज कमिश्नरेट प्रयागराज ।

## राजस्व टीम द्वार भूमि चिन्हित के बाद भी नाली व चकरोड न बनने देने पर 4 के खिलाफ केस दर्ज

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अ) के बैनर तले मंगलवार दोपहर महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना मिश्रा के नेतृत्व में फाजिलापुर के किसानों के साथ थाना फूलपुर प्रांगण में धरना देकर एक ज्ञापन प्रभारी निरीक्षक दीनदयाल सिंह को सौंप कर यह बताया कि गांव के दबंग व शोरे पुश्त किस्म के लोग राजस्व टीम के चिन्हांकन कर देने के बाद भी नाली व चकरोड नहीं बनने दे रहे जिससे किसान यूनियन सहित ग्रामीणों में आक्रोश है यही नहीं दबंग लोग धमकी भी दे रहे हैं। जबकि नायब तहसीलदार आर.आई लेखपाल आदि ने उक्त भूमि को चिन्हित करके भूमि दिया था। इसी सब को लेकर पीड़ितों के साथ किसान यूनियन के अशोक मिश्रा, अर्चना मिश्रा आदि ने तमाम किसान नेताओं के साथ थाना फूलपुर पर प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौपा। प्रभारी निरीक्षक ने उच्चधिकारियों को उक्त ज्ञापन भेज कर किसानों की मदद करने की बात कहते हुए दबंगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज अग्रिम कार्यवाई के लिए उपनिरीक्षक मंगला सिंह यादव को सौंपी गई है। आरोपियों में उदय नारायण पुत्र श्रीनाथ, मिठाई लाल पटेल पुत्र पृथ्वीपाल, विमल चंद्र पटेल पुत्र जगदीश शिव कुमारी पटेल पत्नी राजनारायण सभी निवासी पाली बाबूगंज के है।

## स्कूटी चोर को शिवकुटी पुलिस ने किया गिरफ्तार




**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** शिवकुटी पुलिस क्षेत्र में चोरी की घटना के खुलासा के लिए चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर स्कूटी बरामद करते हुए लिखा पढ़ी कर जेल भेज दिया।

थानाध्यक्ष शिवकुटी संजय गुप्ता ने बताया कि चोरी लूट के अपराधियों की तलाश में चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त मो0 राशिद पुत्र स्व0 अब्दुल वहीद निवासी 805 कटरा थाना कर्नलगंज जनपद प्रयागराज को डाटपुल के पास थाना क्षेत्र शिवकुटी से गिरफ्तार कर कब्जे से 01 स्कूटी बरामद की गयी।

पुलिस टीम का विवरण

उ0नि0प्र0 मुनेन्द्र सिंह, हे0का0 विनय कुमार राय, थाना शिवकुटी कमिश्नरेट प्रयागराज।

# कांग्रेस और उसके सहयोगियों की रणनीति आज भी हमारे लोकतंत्र के लिए उतना ही खतरा है जितना 1975 में था-शुशील



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** कांग्रेस पार्टी का सत्ता बरकरार रखने के लिए असंवैधानिक तरीकों का इस्तेमाल करने का इतिहास रहा है। जैसा 1975 के आपातकाल में देखा गया था। कांग्रेस और उसके सहयोगियों की रणनीति आज भी हमारे लोकतंत्र के लिए उतना ही खतरा है जितना 1975 में था।

उक्त बातें आपातकाल संगोष्ठी के मुख्य वक्ता काशी क्षेत्र महामंत्री व जिला प्रभारी यमुनापार शुशील त्रिपाठी ने मंगलवार को जिला कार्यालय सिविल लाइंस में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए आपातकाल की 49वीं वरसी को काला दिवस के रूप में मनाते हुए कहीं और आगे बताया आपातकाल और लोकतंत्र की हत्यारी कांग्रेस सरकार सत्ता विहीन होने से बौखलाई और झूठा प्रचार और डर का माहौल बनाते हुए अखिलेश ने मुजफ्फरनगर में कहा था 400 के पार का नारा संविधान बदलने के लिए दिया जा रहा है। अगर वह जीत गए तो ना सिर्फ संविधान बदल देंगे बल्कि आरक्षण भी खत्म कर देंगे। ममता ने कहा वे आपसे बोट देने का अधिकार भी छीन लेंगे। भविष्य में कोई संविधान नहीं होगा, कोई चुनाव नहीं होगा इस प्रकार डर और झूठ का माहौल बनाया।

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व मीसाबंदी नरेंद्र देव पांडेय ने आपातकाल के दिनों को स्मरण कर सिहर जातें हैं और कार्यकताओं से कहते हैं इंदिरा गांधी के लोकसभा सदस्यता निरस्त होने के बाद वह प्रधानमंत्री नहीं रह सकतीं थीं। इसलिए पूरे देश में आपातकाल लगा दिया। देश में केवल इंदिरा गांधी जो कहें वहीं होने लगा सरकार के विरोधियों को ठूंस-ठुंस कर जेलों में भर दिया गया। हम लोगों को गिरफ्तार करके जेलों में डाल दिया गया। बिजली काटकर प्रेस में सेंसर सिप लागू कर दिया। बीबीसी रेडियो सुनना जुर्म हो गया, लोग चोरी छिपे खिड़की बंद करके सुनते थें। सात फिट लम्बी चौड़ी काल कोठारी में मीसाबंदियों को जेलों में यातनाएं दी जाती थी। कानून की खुलेआम धज्जियां उड़ानें वाले आज कहते हैं संविधान खतरे में है।

संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति ने स्वागत अभिनंदन करते हुए कहा आपातकाल देश का व कांग्रेसियों का वह कलंक है जो मिट नहीं सकता कांग्रेस फूट डालो राज करो और विदेशी शक्तियों का उपयोग देश के विरुद्ध करने का दण्ड देश की जनता ने दे दिया उसी में त्राहि-त्राहि कांग्रेस गठबंधन में मचीं हुईं हैं। जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि कार्यकताओं ने बाजू में काली पट्टी बांध कर काला दिवस मनाया। मीसाबंदियों को जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति व जिला प्रभारी सुशील त्रिपाठी ने घरों में जाकर भी सम्मानित करते हुए मां के नाम पौधारोपण भी किया। संचालन कार्यक्रम के जिला संयोजक जिला उपाध्यक्ष राजेश्वरी तिवारी ने किया। कार्यक्रम को काशी क्षेत्र किमो. उपाध्यक्ष रमाकांत विश्वकर्मा, काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष युमो.समीर मिश्र,जिला उपाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद पांडेय,जय सिंह पटेल,ज्ञान सिंह पटेल,प्रकाश शुक्ल प्रचंड,कमलेश त्रिपाठी, सुधाकर पांडेय,अशोक चौधरी,मनोज गुप्ता,शतीश विश्वकर्मा,अखिलेश सिंह पटेल,जगत शुक्ला,दिनेश प्रजापति,राकेश विश्वकर्मा,लीला वती, सुनील प्रजापति आदि के साथ जिला पदाधिकारी मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष और वरिष्ठ कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहें।

**आपातकाल संघर्ष के सिपाही नरेंद्र देव पांडेय का हुआ सम्मान**

आपातकाल के संघर्ष के सिपाही जिन्होंने आपातकाल का डटकर मुकाबला किया किया और जेल जाने वाले मीसाबंदी नरेंद्र देव पांडेय का जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति व काशी क्षेत्र महामंत्री शुशील त्रिपाठी ने माल्यार्पण करते हुए अंगवस्त्रम्‌ व श्रीराम लला की स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। जिला पदाधिकारी व मंडल अध्यक्षों ने भी माल्यार्पण करके स्वागत अभिनंदन करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया।

# महाकुंभ में नई तकनीक एवं डेटा बेस सुरक्षा प्रणाली की जायेगी लागू- तरुण गाबा

## माफिया एवं अपराधियों पर शुरू रहेगी कार्रवाई, पुलिसकर्मियों को जनता से सीखना होगा व्यवहार करना




**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** सोमवार को नये पुलिस आयुक्त तरुण गाबा ने पदभार संभालने के बाद मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पहली प्राथमिकता महाकुंभ में सुरक्षा होगी। यहां पर देश-विदेश से करोड़ो श्रद्धालु आयेंगे। असली चुनौती महाकुंभ है। इसके लिए सबकी जिम्मेदारी दी गई है। एडीजी जोन भानु भाष्कर को कई जिम्मेदारी दी गई है। एसपी कुम्भ की तैनाती हो गई है। सभी लोग मिलकर महाकुम्भ की तैयारी में लगे हैं। नई तकनीक और डेटा वेस सुरक्षा प्रणाली लागू की जायेगी जिससे सबको सहूलियत होगी। श्रद्धालुओं की समस्याओं को ध्यान में रखकर यातायात प्रबंधन किया जायेगा।

सीपी तरुण गाबा ने बताया कि सीबीआई में वह लम्बे समय तक रहे और व्यापमं घोटाले की जांच टीम के सदस्य भी रहे। तीन साल तक राज्यपाल भवन में तैनात रहे इससे पूर्व फतेहपुर, महाराजगंज और गाजीपुर सहित कई जिलों में कप्तान की जिम्मेदारी निभाई। प्रयागराज कमिश्नर का पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता के आधार पर काम किया जायेगा। बोले कि पुलिसिंग में सुधार के लिए सबसे जरूरी है कि पुलिसकर्मियों के आचरण में बदलाव दिखे। ऐसा न हो कि थाने पर जाने वाले किसी फरियादी के साथ पुलिस दुर्व्यहार करे। इस तरह की कमियों को दूर करने के लिए पुलिसकर्मियों को प्रोपेशनल स्किल की ट्रेनिंग दी जायेगी। हर हाल में जनता से ठीक से व्यवहार करना सीखना होगा। डेटा बेस प्रणाली के बार में बताया कि उससे अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी। फोन काल और जनता की समस्याओं के आधार पर पीआरवी की तैनाती की जायेगी। संगठित अपराधियों पर कार्रवाई चलती रहेगी और माफियाराज को पनपने नहीं दिया जायेगा।

इस दौरान डीसीपी नगर दीपक भूकर, डीसीपी यमुनानगर श्रद्धा नरेंद्र पांडेय, डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती, एसीपी पुष्कर वर्मा मौजूद रहें।

# पुलिस कर्मियों पर 45 हजार रुपए लेने का महिला ने लगाया आरोप

अलीगढ़। सोमवार को थाना क्वार्सी अन्तर्गत विसमिल्ला कॉलोनी मंजूरगढ़ी निवासी आशिया पत्नी जहीर एसएसपी कार्यालय पर पहुंची और एसएसपी से भेट करके एक शिकायती पत्र दिया। जिसमें उसने कहा है कि 21 जून को उसका पति जहीर रात्रि समय करीब 1.30 बजे अपने भाई इरफान पुत्र मी० शहीद के घर से रात्रि समय करीब 1.30 बजे अपने घर बिसिमिल्ला कॉलौनी मंजरगढ़ी आ रहा था जैसे ही जहीर जीवनगढ की गली नं0 7 पर पहुंचा तो अचानक लैपर्ड पर दो पुलिसकर्मी राजेन्द्र व अमित ने पीछे से पकड़ लिया तब जहीर ने स्वयं को पकड़ने का कारण पूछा तो उक्त पुलिसकर्मी बिना किसी कारण के बुरी तरह से मारने पीटने लगे।

तब जहीर ने अपना अपराध पूछा तो पुलिस वालों ने कहा तू सट्टे का काम करता था मना करने पर उक्त पुलिस कर्मियों ने कहा कि अब हमारे लिए इसी गली में सट्टे का काम करेगा। पुलिसकर्मी रामघाट रोड चौकी के थे जिनका क्षेत्र भी नहीं था केला नगर चौराहे के सी०सी०टी०बी० में देखा जा सकता है।

पति से उक्त पुलिसकर्मी रामघाट रोड चौकी के पीछे ले आये औरएक लाख रुपये की मांग की तब जहीर ने उसे फोन किया और एक लाख रुपये लाने के लिए कहा तब वह जीशान पुत्र हबीब से 45000/-रुपये का इंतजाम करके पुलिस चौकी के पीछे पहुंची दोनों पुलिस कर्मियों ने 45000 हजार रुपये लेकर छोड़ा।

## भगवान श्री राम सभी के पूज्य : महामंडलेश्वर सरयू दास , बीकानेर के संतों ने अयोध्या, काशी में किया दर्शन-पूजन, जनकपुर रवाना



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** श्रीराम झरोखा मंदिर कैलाश धाम, बीकानेर के महामंडलेश्वर स्वामी सरयू दास महराज अपने गुरु महाराज स्वामी श्याम दास त्यागी महराज और बड़ी संख्या में शिष्यों सहित आज अयोध्या धाम पहुंचे । सभी लोगों ने मां सरयू में स्नान कर विधि-विधान से पूजन किया।

महामंडलेश्वर स्वामी सरयू दास महराज ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम सभी के आराध्य और पूज्य थे। वह सभी को साथ लेकर चलें, कभी किसी में कोई भेद नहीं किया बल्कि सभी को अपने ह्रदय, समाज, व्यवस्था और राज्य में सम्मान दिया। महामंडलेश्वर स्वामी सरयू दास महाराज ने कहा कि हम सनातन धर्मियों को एक होकर अपने धर्म, अपने समाज, अपने भाई बंधुओं के साथ चलना चाहिए तभी हमारी शक्ति एक होगी और हम आने वाली चुनौतियों से निपट सकेंगे। यह बातें महामंडलेश्वर स्वामी सरयू दास महाराज ने काशी जाते समय आज प्रयागराज में कुछ देर विश्राम के दौरान बताई। सभी प्रमुख संतों ने संगम पर पूजन, अर्चन किया और उसके बाद काशी के लिए प्रस्थान किया।

बीकानेर के महामंडलेश्वर स्वामी सरयू दास महाराज ने कहा कि भाजपा सरकार ने सनातन धर्म को मजबूती दिया है चाहे बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी हो या मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या हो या भगवान महाकाल की नगरी उज्जैन हो, सभी स्थानों पर मंदिरों को व्यवस्थित कर दिया है। भाजपा सरकार मध्य प्रदेश के भोजशाला, मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली को ठीक करने जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज के बड़े हनुमान मंदिर , मनकामेश्वर मंदिर और अलोपीबाग स्थित मंदिर

महामंडलेश्वर स्वामी सरयू दास महाराज अपने गुरुदेव और बड़ी संख्या में शिष्यों ने भगवान श्री राम जी, हनुमान जी एवं कनकबिहारी जी का लिए दर्शन कर पूजन-अर्चना किया । श्री सरयू जयंती के उपलक्ष में अयोध्या के वरिष्ठ संत महंत श्री नयनकमल दास जी महाराज, महंत श्री मनीराम दास जी महाराज, महंत श्री राजकुमार दास जी महाराज, महंत श्री गौरीशंकर दास जी महाराज, आरती के अध्यक्ष शशिकांत दास जी महाराज, श्री भगवान दास जी महाराज, संत श्री तुलसाराम जी महाराज के सानिध्य में मां सरयू की विधि विधान से आरती किया। महामंडलेश्वर स्वामी सरयू दास महाराज ने बताया कि शाम को सभी लोग बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी पहुंचे और बाबा विश्वनाथ सहित सभी प्रमुख देवी-देवताओं का पूजन अर्चन कर शाम को गंगा आरती में शामिल हुए। उसके बाद देर रात जनकपुर, नेपाल दर्शन पूजन के लिए प्रस्थान किया।

## पत्नी व ससुरालीजनों से पीडित ने लगाई एसएसपी से न्याय की गुहार

**अलीगढ़। पत्नी के शोषण से** तग आकर सासनीगेट सराय हरनारायन निवासी एक युवक एसएसपी कार्यालय पहुंचा और एसएसपी से भेट करके पत्नी के उत्पीडन से बचाने की गुहार लगाई है। एसएसपी से शिकायत करते हुए थाना सासनीगेट क्षेत्रार्गत सराय हरनरायन होली चौक निवासी विष्णु कुमार पुंत्र खेमकरन ने कहा है कि चार वर्ष पूर्व उसकी शादी नीलम नामक युवती से हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद अलग रहने का दबाव बनाने लगी और अपने मायके वालों का कहना मानने का दबाव बनाने लगी। उसके कहने पर उसने कबीर नगर में किराये का कमरा लेकर रहने लगा। घटना 12 जून 2024 रात्रि 9.30 बजे की है। उसका नीलम वाद विवाद हो गया। नीलम ने फोन करके अपने मायके वालों को बुला लिया और उसे पला में चचिया ससुर केघर ले गये। जहां पहले से मौजूद उसके ससुर किशोरी और केशव, मोनू और विजय चारो सालों ने पीटना शुरू कर दिया। जिससे उसे गंभीर चोट पहुंची। सालों ने धमकी दी की उसकी बहन के नाम मकान करदे बरना उसे मारकर रेल की पटरी पर फैंक देंगे। वह किसी तरह से जान बचाकर आया और क्षेत्रीय थाने तहरीर दी। पुलिस ने उसका डॉक्टरी परीक्षण भी कराया। लेकिन किसी को गिरफ्तार नहीं किया। उसने अपने सालों और मुकेश नामक युवक पर अपने परिवार को तोडने का आरोप भी लगाया है। पीडित ने एसएसपी से अपने सालों व ससुर और मुकेश नामक युवक पर कानूनी कार्रवाही करने की गुहार लगाई है।

# पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो दुष्कर्म के आरोपी को पकड़े

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को थाना तुर्कपट्टी पुलिस द्वारा दुष्कर्म वांछित अभियुक्त रामाशिष उर्फ डेबा यादव पुत्र महातम यादव साकिन बरवा राजा पाकड़ थाना तुर्कपट्टी जिला कुशीनगर को गिरफ्तार किए।

थाना अहिरौली बाजार पुलिस द्वारा पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सुनील डोम पुत्र किशोर डोम साकिन बासगांव खैरवा थाना विशुनपुरा जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।






# 1 अप्रैल 2005 के बाद नियुक्त शिक्षक , कर्मचारी को भी मिले पुरानी पेंशन विकल्प , दी बधाई

*एकजुट के संरक्षक डा हरिप्रकाश यादव ने कहा कि करीब एक लाख शिक्षक, कर्मचारियों को मिलेगा फायदा*



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट द्वारा 1 अप्रैल 2005 से पूर्व के विज्ञापन पर नियुक्त सभी शिक्षको, कर्मचारियों और अधिकारियों को पुरानी पेंशन व्यवस्था अपनाने का विकल्प दिए जाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार का उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) आभार प्रकट हुए 1 अप्रैल 2005 के बाद नियुक्त सभी शिक्षकों कर्मचारियों को भी पुरानी पेंशन व्यवस्था से आच्छादित करने का अनुरोध करता है।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के संरक्षक डा हरिप्रकाश यादव ने कहा कि लागातार अपने ज्ञापन एवं पत्रों के द्वारा इसकी माँग करता रहा है और जब तक पूरे प्रदेश में पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू नहीं हो जाती आंदोलन जारी रहेगा। प्रयागराज शिक्षा निदेशालय पर आयोजित वादा निभाओ विशाल धरना प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में भी पुरानी पेंशन योजना के बहाली की मांग की गई। एकजुट के संरक्षक डा हरिप्रकाश यादव ने बताया कि

केंद्रीय सरकार द्वारा पहले ही लागू की गई इस व्यवस्था से अब लाभान्वित होने वाले उत्तर प्रदेश के सभी शिक्षक, कर्मचारी और अधिकारी साथियों को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने बताया कि पुरानी पेंशन लागू होने से करीब एक लाख शिक्षक, कर्मचारियों को आर्थिक लाभ मिलेगा।

# इन आदतों की वजह से तेज होती है geing की प्रक्रिया, जवानी में ही दिखने लगेंगे बूढ़े



**अपनी स्किन का ख्याल रखने के लिए सिर्फ महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना काफी नहीं होता। इसके साथ-साथ आपको अपनी जीवनशैली में भी सुधार करना होता है। खराब लाइफस्टाइल के कारण प्रीमेच्योर एजिंग (Premature Ageing) की समस्या हो सकती है। इसलिए इनमें सुधार करना जरूरी है। आइए जानें किन आदतों के कारण आपकी उम्र से पहले बूढ़े नजर आ सकते हैं।**

बढ़ती उम्र से साथ त्वचा पर एजिंग के लक्षण दिखना बेहद सामान्य बात है। जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़नी शुरू होती है, वैसे-वैसे हमारी त्वचा धीरे-धीरे कोलेजन बनाना कम कर देती है। इसकी वजह से त्वचा ढीली पड़ने लगती है और झुर्रियां, फाइन लाइन्स आदि की समस्या हो सकती है।लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपकी रोजमर्रा की कुछ आदतें भी आपको वक्त से पहले बूढ़ा बना सकती हैं। कम उम्र में ही फाइन लाइन्स का दिखना प्रीमेच्योर एजिंग (Premature Ageing ) कहलाता है। इसलिए प्रीमेच्योर एजिंग से बचने के लिए उन आदतों में सुधार करना काफी जरूरी होता है। आइए जानते हैं किन आदतों में सुधार करने से प्रीमेच्योर एजिंग (Premature Ageing) के लक्षणों को कम करने में मदद मिल सकती है।

**स्क्रीन टाइम ज्यादा होना**

स्मार्ट फोन और कंप्यूटर से निकलने वाली ब्लू लाइट में लंबे समय तक रहना, एजिंग (Ageing ) की प्रक्रिया को तेज कर देता है। दरअसल, ब्लू लाइट के कारण सेल्स में बदलाव होने लगते हैं। इसकी वजह से फाइन लाइन्स और झुर्रियां समय से पहले नजर आनी शुरू हो जाती हैं। इसलिए सिर्फ काम के लिए स्मार्टफोन और कंप्यूटर का इस्तेमाल करें। इससे आपकी त्वचा को कम नुकसान पहुंचेगा।

**नींद पूरी न होना**

नींद पूरी न होने के कारण त्वचा को काफी नुकसान होता है। नींद पूरी न होने की वजह से सेल टर्नओवर यानी पुराने सेल्स की जगह नए सेल्स बनने की प्रक्रिया धीमी हो जाती है। इसलिए नींद की कमी के कारण भी प्रीमेच्योर एजिंग होने लगती है। इसलिए कोशिश करें कि आप रोज कम से कम 7-8 घंटे की नींद तो जरूर लें।

**सनस्क्रीन न लगाना**

सनस्क्रीन सिर्फ सूरज की हानिकारक किरणों से ही नहीं, बल्कि ब्लू लाइट से भी आपकी स्किन को बचाता है। इसलिए अपनी दो उंगलियों के बराबर सनस्क्रीन का इस्तेमाल जरूर करें। इससे आपकी स्किन सुरक्षित रहेगी और यूवी किरणों और ब्लू लाइट की वजह से होने वाली एजिंग से भी बचाव होगा। इसलिए रोज सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें और जरूरत पड़ने पर सनस्क्रीन दोबारा भी लगाएं।

**खराब डाइट**

खराब खान-पान की आदतों की वजह से भी प्रीमेच्योर एजिंग हो सकती है। प्रोसेस्ड फूड्स, जिनमें,तश्र्वह्य होते हैं, उनकी वजह से शरीर में सूजन हो सकती है और एजिंग की प्रक्रिया भी तेज हो जाती है। इसलिए अपनी डाइट में प्रोसेस्ड फूड्स को शामिल न करें। कोशिश करें कि चीनी भी कम से कम खाएं। इनकी जगह सब्जियां, फल, दही, अनाज आदि को शामिल करें।

**स्मोकिंग करना**

स्मोकिंग करने के कारण आपकी स्किन को काफी नुकसान हो सकता है। इसके कारण शरीर में कोलेजन की मात्रा कम होने लगती है और प्रीमेच्योर एजिंग शुरू हो जाती है। साथ ही, समोकिंग के कारण हार्मोनल बदलाव भी होते हैं, जिनकी वजह से स्किन से जुड़ी अन्य परेशानियां भी शुरू हो सकती हैं।

# नई लोकसभा का पहला दिन : गांधी पीछे होंगे!

सांसद चाहे नए हों या पुराने परिवार मित्रों के साथ आने पर शुरुआत गांधी प्रतिमा से करते थे और समापन करते थे उनको सेन्ट्रल हाल में बिठाकर कुछ खिलाते पिलाते हुए। वह सेन्ट्रल हाल भी खत्म कर दिया गया है। वह जहां भारत का संविधान बना था। नेहरू ने भारत की आजादी की घोषणा करते हुए दुनिया के बेहतरीन भाषणों में से एक ट्रिस्ट विद डेस्टिनी ( नियति से साक्षात्कार) दिया था।



पहले नया संसद भवन बनाकर संसद के खुलेपन ताजगी को खत्म कर दिया और अब सौन्दर्यीकरण के नाम पर संसद के विशाल परिसर को एक रिक्त स्थान में परिवर्तित।18 वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। इसमें 280 सांसद यानि की आधे से ज्यादा पहली बार जीतकर आ रहे हैं। मगर वे संसद भवन जिसे अब पुरानी कहा जाने लगा है, के सामने बनी विशाल महात्मा गांधी की प्रतिमा के दर्शन नहीं कर सकेंगे। इसी तरह वहीं थोड़ी दूर पर मौजूद संविधान हाथ में लिए उंगली से उस पर चलने का रास्ता दिखाते हुए बाबा साहब डा. आम्बेडकर की चिर-परिचित खड़ी हुई उंची प्रतिमा भी दिखाई नहीं देगी।वह सारा स्थान एक रिक्ति की तरह शून्य की तरह बन गया है। उसे ही सौन्दर्यीकरण कहा जा रहा है। आप संसद के लिए आइये किसी गांधी को प्रणाम करने की जरूरत नहीं किसी आम्बेडकर से प्रेरणा लेने की जरूरत नहीं।

सारी प्रतिमाएं गांधी, आम्बेडकर, ज्योतिबा फुले, मोतीलाल नेहरू के साथ महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी की भी संसद के सामने से हटाकर प्रधानमंत्री कार्यालय के पीछे पहुंचा दी गई हैं। इसे प्रेरणा स्थल का नाम दिया गया है। यह भी वैसा ही जैसा इंडिया गेट से अमर जवान ज्योति को हटाकर दूसरी जगह पहुंचा दिया गया है। उसका भी नया नाम वार मेमोरियल दे दिया गया है।मगर जैसे पहले जवानों को अपनी श्रृदांजलि देने लोग इंडिया गेट पहुंचते थे वैसे वार मेमोरियल नहीं जाते उसी तरह संसद जाने वाले लोग जिनमें छात्रों की तादाद बड़ी होती है अब कोने में पीछे बना दिए गए प्रेरणा स्थल नहीं जा पाएंगे।हर सांसद गांधी जी को रोज देखता था। अपने साथ जब भी परिवार या मित्रों को लाता था गांधी प्रतिमा के साथ खड़े होकर फोटो खिंचवाता था। सेल्फी लेता था। ऐसे ही छात्र और अन्य आगंतुक गांधीजी को नमन करने के साथ फोटो खिंचवाते थे। दरअसल यह प्रतिमा संसद भवन में ठीक उस पत्थर के सामने लगी थी जिस पर अंग्रेजों ने संसद भवन के शिलान्यास की घोषणा खोदी थी। यह अंग्रेजों के मुंह पर करारा तमाचा था कि जिस संसद भवन को तुमने हमें गुलाम रखने के कायदे कानून बनाने के लिए बनवाया था उसी के ठीक सामने उन कानूनों की धज्जियां उड़ाकर जिस शख्स ने देश आजाद करवाया है वह बैठा है। मगर अब उस शख्स को, गांधी को पीछे धकेल दिया गया है। और 1921 में संसद के शिलान्यास का पत्थर सामने लगा हँस रहा है। अपने प्रधानमंत्री चर्चिल की वह बात याद करके कि भारत का शासन ऐसे लोगों के हाथों में चला जाएगा जो अपने छोटेपन से कभी मुक्त नहीं हो पाएंगे। हालांकि चर्चिल ने तो इससे बहुत ज्यादा खराब शब्दों में भविष्यवाणी की थी। जो लिखने लायक भी नहीं हैं।

जैसा हमने बताया कि सांसद चाहे नए हों या पुराने परिवार मित्रों के साथ आने पर शुरुआत गांधी प्रतिमा से करते थे और समापन करते थे उनको सेन्ट्रल हाल में बिठाकर कुछ खिलाते पिलाते हुए। वह सेन्ट्रल हाल भी खत्म कर दिया गया है। वह जहां भारत का संविधान बना था। नेहरू ने भारत की आजादी की घोषणा करते हुए दुनिया के बेहतरीन भाषणों में से एक ट्रिस्ट विद डेस्टिनी ( नियति से साक्षात्कार) दिया था। हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी के लिए कहा जाता है कि बहुत भाषण देते हैं। दें! मगर उस जैसा संबोधन नियति से साक्षात्कार दुनिया में विरल माना जाता है। जब दुनिया बदलने वाले, उसे दिशा देने वाले, जनता की निराशा दूर करके उसमें उमंग और उत्साह भरने वाले भाषणों का जिक्र आता है तो उनमें मार्टिन लूथर किंग, लिंकन, लेनिन, कैनेडी जैसे विश्वविख्यात नेताओं के ऐतिहासिक भाषणों के साथ नेहरू के भाषण का भी नाम होता है।

अब वह सेन्ट्रल हाल जो इस भाषण का गवाह था वीरान पड़ा है। जब नई लोकसभा का गठन होता था तो राष्ट्रपति यहीं इसी सेन्ट्रल हाल में संसद के दोनों सदनों को संबोधित करते थे। मगर इस बार 18 वीं लोकसभा के सदस्यों को और उनके साथ राज्यसभा सांसदों को वे नई संसद की लोकसभा के सदन में संबोधित करेंगी। नए संसद भवन में सेन्ट्रल हाल है ही नहीं।सेन्ट्रल हाल मतलब संसद की धड़कन। दोनों सदनों के सदस्य वहां आते थे बैठते थे। दलगत राजनीति खत्म हो जाती थी। तमाम विचारोत्तेजक बहसें होती थीं। संसद कवर करने वाले सीनियर पत्रकार भी वहां होते थे। कभी-कभी सोनिया जी भी आ जाती थीं। वाजपेयी जी आते थे। अरुण जेटली का तो वह अड्डा था। लालू जी भी खूब बैठकें जमाते थे। पत्रकार यहां इस और उस पार्टी को कवर करने वाले नहीं होते थे। हर पार्टी के नेता के साथ बैठकर चाय काफी पीते थे। कुछ ऐसे दुष्ट दोस्त नेता भी होते थे जो आपकी आखिरी सिगरेट भी छीनकर पी जाते थे। यह कहकर कि हाउस में जाना है तुम्हें क्या है बैठो यहां और मंगा लेना। यह उन दिनों की बात है जब सेन्ट्रल हाल में धूम्रपान की अनुमति थी और ज्यादातर पत्रकार पीते थे। बाद में एक स्मोकिंग रूम बगल में अलग कर दिया गया। और फिर तमाम नेताओं और पत्रकारों की भी सिगरेट छूटी। लेकिन रजनीगंधा तुलसी पर झपट्टा मारना चलता रहा। भैरोसिंह शेखावत बड़े शौकीन थे। लालू जी तो अपने पास एक कुल्हड़ रखकर बैठते थे।खैर, वह लोकतंत्र की जीवतंता हँसी ठहाके। अंदर की बातें। एक दूसरे पर विश्वास की बात बाहर नहीं जाएगी। छोटे-छोटे बिल के लिए लड़ना-झगड़ना कि मेरे पास नहीं हैं। और बिल से ज्यादा अपने प्रिय वेटरों को टिप दे देना सब अतीत की बातें हो गईं। नई संसद में ऐसी कोई जगह ही नहीं है जहां मिला-जुला जा सके। बंद डिब्बे जैसा बना है। किसी का भी मन वहां जाने को नहीं करता।

अगर गुप्त मतदान करवा लिया जाए तो नई बिल्डिंग के पक्ष में मोदीजी के साथ एक-दो लोगों का ही वोट आएगा। सब वापस पुरानी संसद में जाना चाहते हैं। राहुल ने जब यह कहा कि अगर हम जीते तो पुरानी संसद में वापस जाएंगे तो उन्हें इतना समर्थन मिला कि इससे पहले किसी एक बात पर कभी नहीं मिला था। बीजेपी के सांसद मंत्री सब इस मामले में मोदी जी के साथ नहीं राहुल के साथ थे। और क्या बताएं? बाकी उच्चतम पदों पर बैठे लोग भी पुरानी संसद के मोह से मुक्त नहीं हो पा रहे। मगर सब मजबूर हैं।

खैर, सोमवार सुबह नई लोकसभा का पहला दिन होगा। इंडिया गठबंधन को चाहिए कि सदन में जाने से पहले सब एक साथ पहले गांधी और अम्बेडकर की प्रतिमा पर जाएं। थोड़ा अलग से हटकर जाना होगा। पीछे, पुराने भवन के प्रधानमंत्री कार्यालय के पीछे में रखी गई हैं। वहां उनके संघर्ष को याद करके अपने संकल्प को फिर ताजा करें कि लोकतंत्र और संविधान को हर हाल में बचाना है।

व्यवस्थाएं कई स्तर पर भंग कर दी गई हैं। संसद की सुरक्षा से वहां के सुरक्षाकर्मियों को हटा दिया गया है। सीआईएसएफ को नई जिम्मेदारी दी गई है। उसके लिए यह काम नया है। सुरक्षा के साथ पत्रकारों के पास बनाने का काम भी उन्हें दे दिया। उन्हें इसका कोई अनुभव नहीं है। दरअसल संसद का ही नहीं है। वे सांसदों से ही पूछ रहे हैं कि आप कहां जा रहे हैं, क्यों जा रहे हैं। अभी लोकसभा शुरू नहीं हुई। ऐसे ही पत्रकारों से। सांसद, पत्रकार, संसद के अधिकारी, कर्मचारी, डाक्टर, इंजीनियर बहुत लोग होते हैं जिनका आना-जाना होता रहता है। सीआईएसएफ एक कुशल सिक्योरिटी फोर्स है मगर यहां के लिए विशेष ट्रेनिंग की जरूरत थी।लोकसभा अध्यक्ष और महासचिव को संसद की सारी बारीकियां मालूम होती हैं। संसद का नियंत्रण लोकसभा अध्यक्ष के पास ही होता है। यहां प्रधानमंत्री और एक सांसद बराबर होता है। मगर आजकल जैसा राहुल ने कहा कि सभी संस्थाओं की स्वतंत्रता और स्वायत्तता खत्म कर दी गई है। संसद लोकतंत्र की आत्मा है। यह कैसे बचेगी यह अब सत्र शुरू होने के बाद देखना है। विपक्ष पर बड़ी जिम्मेदारी है और सत्ता पक्ष संख्या कम होने से अब कैसे व्यवहार करता करता है यह भी!

## संपादकीय

### संसद सत्र : कई मुद्दों पर घिरेंगे मोदी

सोमवार से शुरू होने जा रहा संसद का सत्र भारतीय जनता पार्टी प्रणीत नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस (एनडीए) की नयी बनी सरकार के लिये कई मायनों में चुनौतीपूर्ण साबित होने जा रहा है। भाजपा और एनडीए से कहीं ज्यादा वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिये इसलिये चुनौती बनेगा क्योंकि पहले दो बार की तरह वे ही भाजपा का चेहरा हैं और गठबन्धन का भी। यह सत्र इसलिये भी मोदी के लिये कठिन होने जा रहा है कि इस संसद में मोदी की ताकत वैसी नहीं है, जैसी 2014 का चुनाव जीतने के बाद थी; और वैसी तो बिलकुल भी नहीं जैसी कि 2019 का जीतने के बाद थी। दो दलों के समर्थन पर टिकी मोदी सरकार को जहां एक ओर बहुत मजबूत व संयुक्त विपक्ष (इंडिया) का सामना करना होगा, वहीं उनके अपने सहयोगी दलों का भी दबाव होगा। यह सत्र मोदी पर कई मुद्दों को लेकर हमले का इंतज़ार तो कर ही रहा है, यह ऐसी सरकार है जिसके काम-काज शुरू होने के पहले ही इस बात पर चर्चा हो रही है कि आखिर यह कितने दिनों तक चलेगी।

माना यह जा रहा था कि इस सरकार के प्रमुख समर्थक तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) की ओर से अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार (1999-2004) तरह ही स्पीकर का पद मांगा जायेगा और न मिलने पर वह पार्टी का समर्थन नहीं करेगी। मोदी के भाग्य से कम और टीडीपी अपनी ज़रूरतों के चलते उसे समर्थन दे रही है। उसके 16 सदस्य लोकसभा के लिये चुनकर आये हैं- दूसरे प्रमुख जनता दल यूनाइटेड के 12 से कहीं ज्यादा। तो भी अंदेशा है कि स्पीकर पद को लेकर उसकी नाराजगी सीधी नहीं पर अप्रत्यक्ष रूप से सरकार को झेलनी पड़ सकती है।

नाराज़गी इसलिये क्योंकि अब साफ हो चला है कि मोदी सदन में अपने दल का ही स्पीकर लायेंगे। गृह, वित्त, रक्षा, रेल जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय अपनी ही पार्टी के पहले के मंत्रियों को देकर मोदी ने बतला दिया है कि उन्हें सहयोगी दलों पर भरोसा नहीं है। कयास थे कि गृह मंत्रालय अमित शाह को न देकर सहयोगी दल के किसी सदस्य को दिया जायेगा ताकि शाह के कामकाज व नज़रिये को पसंद न करने वाले अन्य दलों को संतुष्ट किया जा सके। मोदी ने बता दिया है कि वे सहयोगी दलों का कतई सम्मान नहीं करते। प्रोटेम स्पीकर का पद ओडिशा के वरिष्ठ सांसद भतृहरि मेहताब को देकर मोदी ने साफ संदेश दे दिया है कि वे काम तो अपनी मर्जी से ही करेंगे। प्रोटेम स्पीकर का काम मुख्यत~ नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाना होता है तथा जब तक स्थायी अध्यक्ष निर्वाचित नहीं हो जाता तब तक सदन का काम चलाना होता है। अब तो यह भी कहा जा रहा है कि जब मोदी अस्थायी अध्यक्ष का पद तक अपने सहयोगी दल को नहीं दे सकते तो स्थायी अध्यक्ष की तो बात सोचना भी दूर की कौड़ी है।मोदी चाहे तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में संसद में प्रवेश करने जा रहे हैं लेकिन इस बार कई असफलताओं के साथ भी वे लौट रहे हैं। पहली बात तो यह कि इस चुनाव में भाजपा के अपने बूते 370 एवं एनडीए के बल पर 400 पार का नारा फ्लॉप हो गया। उनके डेढ़ दर्जन से ज्यादा मंत्री चुनाव में बुरी तरह से हार गये। कहा यही जा रहा था कि देश भर में यह चुनाव कोई पार्टी या व्यक्ति नहीं मोदी लड़ रहे हैं। अब कम से कम संसद में वे यह कहते नहीं सुनाई देंगे- %यह एक अकेला मोदी सब पर भारी है।' इतना ही नहीं, खुद मोदी वाराणसी से पहले दो बार के मुकाबले बहुत कम अंतर से जीते हैं। पहले के कुछ चक्रों में तो वे पिछड़ रहे थे। और तो और, उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी कहे जाने वाले राहुल गांधी ने रायबरेली तथा वायनाड दोनों से ही बड़ी जीत दर्ज की। कांग्रेस व विपक्ष मुक्त भारत के जो सपने मोदी देख रहे थे- दोनों ही पहले से अधिक ताकतवर बनकर सदन में आ रहे हैं। कांग्रेस की शक्ति लगभग दोगुनी हो गई है। इंडिया की सदस्य संख्या भी ऐसी तगड़ी है कि विपक्ष की बेंचों की सरकार उपेक्षा नहीं कर पायेगी। मोदी के लिये बड़ी फजीहत की बात यह होगी कि सोनिया गांधी राज्यसभा में तथा राहुल लोकसभा में तो होंगे ही, वायनाड की खाली हो रही सीट पर प्रियंका गांधी लड़ने जा रही हैं। माना जा रहा है कि उनकी जीत तय ही है। गांधी परिवार के प्रति घृणा भाव रखने वाले मोदी को इस परिवार का दोनों सदनों में सामना करना होगा।इस सत्र में मोदी पर अनेक मुद्दों को लेकर विपक्ष के हमले होने तय हैं। पिछले सत्र के छूटे हुए विषय तो उठेंगे ही, कई नये मसले जुड़ने जा रहे हैं। कारोबारी गौतम अदानी व मुकेश अंबानी के साथ उनके रिश्तों पर सवाल उठेंगे। इलेक्टोरल बॉन्ड्स, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने असंवैधानिक व गैरकानूनी घोषित किया था, उस पर विपक्ष सरकार को आड़े हाथों लेगा। मोदी ने कहा था कि उनकी फिर से सरकार बनी तो इस योजना को संशोधित कर लाया जायेगा। देखना होगा कि वे ऐसा करेंगे या नहीं। फर्जी ओपिनियन पोल के जरिये शेयर मार्केट में कृत्रिम उछाल लाकर निवेशकों के 30 लाख करोड़ डुबाने का आरोप मोदी और शाह पर कांग्रेस ने लगाया है।

# केरल से प्रियंका गांधी के चुनावी पदार्पण का महत्व

वायनाड से प्रियंका को मैदान में उतारने के फैसले से कांग्रेस को अपने सहयोगी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के मुकाबले मुश्किल स्थिति से उबरने में मदद मिली है। यह सभी जानते हैं कि आईयूएमएल वायनाड सीट पाने के लिए उत्सुक थी। अगर कांग्रेस ने वायनाड सीट जीतने का फैसला किया होता तो यह सीट उसके लिए बहुत बड़ी चुनौती होती अगर प्रियंका के अलावा कोई और उम्मीदवार होता।

केरल में इन दिनों कांग्रेस नेताओं के चेहरे और उनकी आंखों में चमक साफ देखी जा सकती है। उत्साह का भाव स्वाभाविक है। पार्टी ने हाल ही में लोकसभा चुनावों में राज्य की 20 लोकसभा सीटों में से 18 पर जीत हासिल कर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है।

खैर, उत्साहित कांग्रेस के लिए यह दोहरी खुशी की बात है कि प्रियंका गांधी ने राज्य की वायनाड सीट से चुनावी पदार्पण करने का फैसला किया है। यह फैसला राहुल गांधी के वायनाड सीट छोड़ने और उत्तर प्रदेश की रायबरेली सीट पर बने रहने के फैसले के बाद लिया गया है। इस फैसले से कांग्रेस को इस आलोचना से बचने में मदद मिली है कि राहुल ने वायनाड के मतदाताओं को धोखा दिया है। अगर वायनाड से प्रियंका के अलावा कोई और उम्मीदवार उतारा जाता तो यह आलोचना जायज होती।प्रियंका के वायनाड पहुंचने से यह संदेश साफ तौर पर गया है कि नेहरू परिवार वायनाड के लोगों को छोड़ने का इरादा नहीं रखता, जिन्होंने मुश्किल और संकट की घड़ी में गांधी भाई के साथ खड़े रहे। यह कहने की जरूरत नहीं है कि यह फैसला कांग्रेस और पार्टी के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) के लिए मनोबल बढ़ाने वाला है, जो 2025 में स्थानीय निकाय चुनावों और 2026 में विधानसभा चुनावों में भी अपने प्रभावशाली प्रदर्शन को दोहराने की उम्मीद कर रहा है।

कांग्रेस और यूडीएफ में प्रचलित धारणा यह है कि यूडीएफ के सत्ता में आने की संभावनाएं वास्तव में उज्ज्वल हैं। इस तर्क के समर्थन में कांग्रेस नेताओं का कहना है कि पार्टी ने राज्य की 140 विधानसभा सीटों में से 110 पर बढ़त हासिल की है। यह लोकसभा चुनावों में अल्पसंख्यक समुदाय के वोटों, खासकर मुसलमानों के कांग्रेस की ओर शिफ्ट होने से हासिल हुआ है।

लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। अब तक का पैटर्न यह रहा है कि यूडीएफ लोकसभा चुनाव जीतता है जबकि माकपा के नेतृत्व वाला वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) राज्य विधानसभा की लड़ाई में जीतता है। कांग्रेस को लगता है कि 2026 के चुनावी युद्ध में यह पैटर्न टूट जायेगा। हालांकि, लाख टके का सवाल यह है कि क्या प्रियंका की मौजूदगी केरल में कांग्रेस के लिए अभिशाप बनी आंतरिक कलह के अंत का संकेत देगी? क्या वह कांग्रेस के युद्धरत गुटों को शांति का संदेश देकर एलडीएफ को चुनौती देने के लिए एकजुट ताकत के रूप में लड़ने के लिए राजी कर पायेंगी?



कांग्रेस में गुटबाजी के पैमाने और उग्रता को देखते हुए यह काम बिल्कुल भी आसान नहीं है। पार्टी में मौजूदा स्थिति इस पर बिल्कुल भी भरोसा नहीं जगाती। समस्या की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के अध्यक्ष के. सुधाकरन और विपक्ष के नेता वी. डी. सतीशन अलग-अलग दिशाओं में जा रहे हैं। सतीसन को के.सी. वेणुगोपाल का समर्थन प्राप्त है, जो राहुल गांधी के करीबी हैं और केरल में कांग्रेस की राजनीति पर उनका अंतिम फैसला माना जाता है।हालांकि, सुधाकरन अपने प्रतिद्वंद्वियों को खुश करने के मूड में नहीं हैं। के.पी.सी.सी. के अध्यक्ष, जो अपनी अड़ियल नीति पर अड़े हुए हैं, को वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ए.के. एंटनी और रमेश चेन्निथला का ठोस समर्थन प्राप्त है। यह एक खुला रहस्य है कि सतीसन सुधाकरन को बाहर करना चाहते हैं, और सतीसन के.पी.सी.सी. प्रमुख के पद से सुधाकरन को बाहर करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। यह घिनौना नाटक कैसे आगे बढ़ेगा, यह देखना बाकी है।

दूसरे शब्दों में, पार्टी में पूर्ण एकता सुनिश्चित करना प्रियंका गांधी के लिए अपने नये अवतार में मुख्य चुनौती है। क्या वह वहां सफल हो सकती हैं, जहां अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता विफल रहे हैं? जहां तक एल.डी.एफ. का सवाल है, मोर्चे के लिए काम कठिन है। सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण, एल.डी.एफ. को एक मजबूत उम्मीदवार, अधिमानतत्वायनाड से एक नेता खोजना होगा। रिपोर्ट्स के अनुसार, सीपीआई की एनी राजा, जिन्होंने राहुल गांधी को कड़ी टक्कर दी थी, फिर से चुनाव लड़ने के लिए बहुत उत्सुक नहीं हैं।

इन परिस्थितियों में, सीपीआई द्वारा सबसे अच्छा उम्मीदवार सत्यनमोकेरी को उतारा जा सकता है, जिन्होंने 2014 के संसदीय चुनाव में वायनाड से दिवंगत कांग्रेस नेता एमआईशानवास को एक लाख मतों के जीत के अन्तर से 20,000 वोटों पर लाकर उन्हें डरा दिया था। मुकाबला कितना करीबी था, यह इस बात से स्पष्ट है कि सत्यन को 38.92प्रतिशत वोट मिले, जबकि शानवास को 41.21प्रतिशत वोट मिले।जहां तक भाजपा का सवाल है, यह स्पष्ट नहीं है कि पार्टी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन को फिर से मैदान में उतारेगी या नहीं, जिनकी इस बार के लोक सभा चुनाव में जमानत जब्त हो गई। वायनाड निर्वाचन क्षेत्र के गठन के बाद से हुए सभी लोकसभा चुनावों में भाजपा हमेशा तीसरे स्थान पर रही है। लेकिन यह भी एक तथ्य है कि भाजपा 2024 में अपने वोट शेयर में 62,000 से अधिक वोटों की वृद्धि करने में सफल रही है - एक ऐसा घटनाक्रम जिसने वामपंथी दलों को सोचने पर मजबूर कर दिया होगा और उन्हें त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई शुरू करने के लिए प्रेरित किया होगा।निष्कर्ष निकालने से पहले यह कहना होगा कि वायनाड से प्रियंका को मैदान में उतारने के फैसले से कांग्रेस को अपने सहयोगी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के मुकाबले मुश्किल स्थिति से उबरने में मदद मिली है। यह सभी जानते हैं कि आईयूएमएल वायनाड सीट पाने के लिए उत्सुक थी। अगर कांग्रेस ने वायनाड सीट जीतने का फैसला किया होता तो यह सीट उसके लिए बहुत बड़ी चुनौती होती अगर प्रियंका के अलावा कोई और उम्मीदवार होता, तो आईयूएमएल उस फैसले पर नाराज़ हो जाती। कांग्रेस ने इसे समझा और प्रियंका की उम्मीदवारी पर फैसला करके चतुराई से काम लिया।

चतुराई से परास्त आईयूएमएल के पास प्रियंका का स्वागत करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। दूसरे शब्दों में, प्रियंका का मसौदा तैयार करने का फैसला एक राजनीतिक मास्टरस्ट्रोक था। हालांकि, बड़ा सवाल यह है कि क्या यह चतुराई भरा कदम कांग्रेस में गुटबाजी के अंत का संकेत देगा और पार्टी को एक लड़ाकू ताकत में बदल देगा जो वाम लोकतांत्रिक मोर्चे की भयानक संगठनात्मक ताकत का मुकाबला करने में सक्षम हो?



# शाहरुख खान

## और सामंथा रुथ प्रभु की फिल्म की असली सच्चाई सामने आ गई

साल 2023 में बैक टू बैक तीन ताबड़तोड़ कमाई करने वाली फिल्में लेकर आने के बाद से शाहरुख खान के तमाम चाहने वालों को उनकी अगली फिल्म का इंतजार है. अभी तो उनकी तरफ से कोई भी फिल्म अनाउंस नहीं की गई है, लेकिन अपकमिंग पिक्चर्स को लेकर सोशल मीडिया पर अलग-अलग फैन्स थ्योरी चलती रहती हैं. कुछ दिनों पहले ऐसी भी चर्चा शुरू हुई कि शाहरुख साउथ सिनेमा की पॉपुलर एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु के साथ एक फिल्म करने वाले हैं. लेकिन क्या सच में ऐसा है? अब इसकी सच्चाई सामने आ गई है.ऐसी बातें हो रही थीं कि इस फिल्म को राजकुमार हिरानी डायरेक्ट करने वाले हैं, जिन्होंने शाहरुख की पिछली फिल्म 'डंकी' का भी डायरेक्शन किया था. ये भी कहा गया कि ये एक एक्शन फिल्म होने वाली है, जिसमें भरपूर एडवेंचर और देशभक्ति का जज्बा देखनो को मिलेगा. हालांकि, राजकुमार हिरानी की नजदीकी सूत्र की मानें तो ये सभी बातें गलत हैं.

**क्या जानकारी सामने आई ?**

सूत्र ने कहा, राजू सर अभी अपनी अगली फिल्म लिखने में बिजी हैं और शाहरुख खान-समांथा के साथ उनकी किसी प्रोजेक्ट को लेकर कोई बातचीत नहीं हुई है.






शाहरुख और समांथा को लेकर एक अनटाइटल एक्शन एडवेंचर पैट्रियोटिक फिल्म बनाने का आइडिया बिल्कुल झूठा और बेबुनियाद है.

सामंथा, शाहरुख की बहुत बड़ी फैन हैं. कई दफा वो खुद ही इसका जिक्र कर चुकी हैं. कुछ समय पहले उन्होंने तीन ऐसे एक्टर्स का नाम लिया था, जिनके साथ वो काम करना चाहती हैं. उनमें एक नाम शाहरुख का था. इसके अलावा बाकी दो एक्टर्स सूर्या और महेश बाबू हैं.स

**इस फिल्म में दिखने वाले हैं शाहरुख खान**

बहरहाल, शाहरुख लंबे समय से 'किंग' नाम की फिल्म को लेकर चर्चा में बने हुए हैं. इस पिक्चर को सुजोय घोष डायरेक्ट कर रहे हैं. इस फिल्म के जरिए शाहरुख की बेटी सुहाना खान सिल्वर स्क्रीन पर डेब्यू करने वाली हैं. इससे पहले सुहाना जोया अख्तर के डायरेक्शन में बनी 'आर्चीज' में नजर आ चुकी हैं, लेकिन वो उनकी ओटीटी डेब्यू फिल्म थी. कहा जा रहा है कि शाहरुख 'किंग' में सुहाना के गुरु का रोल प्ले करने वाले हैं.

## 22 साल पहले आई प्रीति जिंटा की वो फिल्म, जिसको बनने में लगे 132 महीने, कई बार बदली गई स्टारकास्ट



प्रीति जिंटा की फिल्म 'दिल है तुम्हारा' साल 2002 में आई थी. फिल्म में उनके साथ अर्जुन रामपाल, महिमा चौधरी, रेखा और जिमी शेरगिल लीड रोल में नजर आए थे. ये फिल्म 11 साल में बनकर तैयार हुई थी. इन सालों में 2 बार फिल्म की स्टारकास्ट भी बदली गई. लेकिन फिर भी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं दिखा पाई. इस फिल्म के गाने काफी मशहूर हुए थे. आज भी इस फिल्म के गाने लोगों की जुबान पर रहते हैं.इसमें प्रीति और महिमा ने दो बहनों का रोल निभाया था और रेखा मां की भूमिका में दिखी थीं. कुंदन शाह के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म को लेकर बताया जाता है कि ये फिल्म पहली बार साल 1991 में बनने वाली थी. इस फिल्म की ऑफिशियल अनाउंसमेंट भी कर दी गई थी.दरअसल राजकुमार संतोषी ने इस फिल्म की स्टोरी बहुत पहले लिख ली थी. उन्होंने फिल्म के लिए स्टार्स को भी सेलेक्ट कर लिया था. राजकुमार संतोषी पहले ये फिल्म सनी देओल, माधुरी दीक्षित और डिंपल कपाड़िया के साथ बनाना चाहते थे. लेकिन तब ये फिल्म नहीं पाई.

**नाम भी बदला गया**

इसके बाद फिर इस फिल्म को सलमान खान और मीनाक्षी शेषाद्रि के साथ शुरू करने वाले थे. लेकिन एक बार फिर ये फिल्म टल गई. सलमान खान से भी पहले फिल्ममेकर्स ने फिल्म के लिए ऋषि कपूर को अप्रोच किया था. लेकिन उनके साथ भी फिल्म नहीं पाई थी. उस वक्त फिल्म का नाम भी 'दिल भी तेरा हम भी तेरे' था. उस वक्त जब इस नाम से फिल्म नहीं पाई तो बदलकर 'दिल है तुम्हारा' कर दिया गया.

**फिर बदली गई स्टारकास्ट**

स्टारकास्ट को बदलने का खेल इतने पर ही खत्म नहीं हुआ. राजकुमार संतोषी ने फिर इसे 1995 में बनाने का सोचा. फिल्म लंबे समय से टलती जा रही थी. इस बार उन्होंने स्टारकास्ट के लिए शाहरुख खान, ऐश्वर्या राय और संजय कपूर को लेने का फैसला किया. लेकिन फिल्म किसी न किसी वजह से अटकती जा रही थी और फ्लोर पर नहीं जा पा रही थी. राजकुमार संतोषी ने इस फिल्म को ठंडे बस्ते में डाल दिया.

**आखिर में प्रीति के साथ बनी**

आखिरकार साल 2002 में जाकर ये फिल्म रिलीज हुई और इसमें प्रीति जिंटा, महिमा चौधरी, जिमी शेरगिल अर्जुन रामपाल लीड रोल में दिखाई दिए. इतने सालों में फिल्म तो बनी लेकिन अच्छा बिजनेसनहीं कर पाई. हालांकि इसके गानों ने कमाल कर दिया. इस फिल्म केगानों का खुमार लोगों के दिमाग पर कुछ ऐसा चढ़ा कि रिक्शा से लेकर हर गली-मोहल्ले में इसके गाने सुनाई पड़ते थे. इस फिल्म के गाने 'ओ साहिबा ओ साहिबा' इतना फेमस हुआ कि इस पर मीम भी बनते हैं.

## सूर्यवंशम की 'IAS' राधा ठाकुर...20 साल पहले पायलट न करता ये गलती तो बच जातीं सौंदर्या, रोंगटे खड़े कर देगी प्लेन क्रैश की ये पूरी कहानी





17 अप्रैल 2004 एयरपोर्ट बेंगलुरुज्अग्नि एयर का एक प्राइवेट विमान यहां से उड़ान भरने की तैयारी कर रहा था. यह एयरपोर्ट कॉमर्शियल एयरपोर्ट नहीं है, जहां से यात्री ट्रैवल कर सकते हैं. यह एक सरकारी फ्लाइंट ट्रेनिंग स्कूल है. यहां नए पायलटों को ट्रेनिंग दी जाती है. यहां सेसना जैसे छोटे प्लेन्स में पायलट्स को ट्रेन किया जाता है. इसलिए यहां रनवे की लंबाई भी काफी कम है. सिर्फ 3000 फीट. यह एक छोटा सा एयरपोर्ट है. लेकिन यहां आप विमान को बुक करके आप ट्रैवल कर सकते हैं.

90 के दशक की साउथ सुपरस्टार एक्ट्रेस सौंदर्या ने भी यहां से से सेसना 180 विमान ( 180) बुक किया. प्लेन में कुल 4 लोग सवार हुए. इसमें सौंदर्या के अलावा उनके भाई अमरनाथ, हिंदू जागरण समिति के सैक्रेटरी रमेश कदम और पायलट जॉय फिलिप भी सवार थे.2004 के इलेक्शन कैंपेन के लिए सौंदर्या को बीजेपी की तरफ से करीम नगर जाना था. इसलिए उन्होंने फ्लाइट से वहां जाने का फैसला किया था. सुबह के 11 बजे थे. प्लेन ने ठीक 11 बजकर 5 मिनट पर उड़ान भरी. टेकऑफ के बाद प्लेन को दाएं मुड़ना था. लेकिन बस यहीं पर एक गड़बड़ी हो गई. एयरपोर्ट से कुछ ही दूरी पर गांधी कृषि विज्ञान केंद्र है. प्लेन उड़ते-उड़ते यहां पहुंच गया. उस वक्त प्लेन कृषि विज्ञान केंद्र के मजह 150 फीट ऊपर ही था. जैसे ही प्लेन दाई ओर मुड़ा, ये ऊपर उठने के बजाय नीचे की ओर गिरने लगा. पायलट कुछ समझ पाता या कर पाता, इससे पहले ही यह प्लेन कृषि विज्ञान केंद्र के कैंपस में क्रैश हो गया.

17 अप्रैल 2004ज्जक्कूर एयरपोर्ट बेंगलुरुज्अग्नि एयर का एक प्राइवेट विमान यहां से उड़ान भरने की तैयारी कर रहा था. यह एयरपोर्ट कॉमर्शियल एयरपोर्ट नहीं है, जहां से यात्री ट्रैवल कर सकते हैं. यह एक सरकारी फ्लाइंट ट्रेनिंग स्कूल है. यहां नए पायलटों को ट्रेनिंग दी जाती है.

यहां सेसना जैसे छोटे प्लेन्स में पायलट्स को ट्रेन किया जाता है. इसलिए यहां रनवे की लंबाई भी काफी कम है. सिर्फ 3000 फीट. यह एक छोटा सा एयरपोर्ट है. लेकिन यहां आप विमान को बुक करके आप ट्रैवल कर सकते हैं.



# कार्तिक आर्यन

## की 'भूल भुलैया 3' का खेल बिगाड़ने आ रहा ये साउथ सुपरस्टार! कर ली बड़ी प्लानिंग!

कार्तिक आर्यन लंबे वक्त से डायरेक्टर्स की पहली पसंद बने हुए हैं. वजह हैं उनकी आखिरी कुछ फिल्मों का सक्सेस रेट. कई बड़ी फिल्में पहले से ही उनकी पाइपलाइन में हैं. हाल ही में उनकी 'चंदू चैंपियन' रिलीज हुई थी, जिसे लोगों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला. इस वक्त वो जिस फिल्म की शूटिंग में बिजी हैं, वो है- 'भूल भुलैया 3'. बीते दिनों वो कॉमेडियन के चैट शो द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो में पहुंचे थे. जहां उन्होंने अपनी अपकमिंग फिल्मों का ऑफिशियल ऐलान किया. इसी बीच साउथ का एक सुपरस्टार उनकी फिल्म का खेल बिगाड़ने की प्लानिंग कर रहा है. वो कोई और नहीं राम चरण हैं.

उनकी अपकमिंग फिल्मों का फैन्स बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं.इस वक्त उनके खाते में कई बड़ी फिल्में हैं. अपनी कमबैक फिल्म 'गेम चेंजर' की शूटिंग वो हाल ही में पूरी कर चुके हैं. इसके बाद बारी आती है बुची बाबू संग RC16 और सुकुमार वाली फिल्म की. राम चरण जल्द ही RC16 का शूट शुरू करेंगे, पर उससे पहले तगड़ा ट्रांसफॉर्मेशन होने वाला है. खैर, बात इस साल की मच अवेटेड फिल्म 'गेम चेंजर' की कर लेते हैं, जिसका हर कोई इंतजार कर रहा है. फिल्म की अबतक रिलीज डेट नहीं आई है, पर हाल ही में उन्होंने इसकी शूटिंग खत्म की है.

**कौन बिगाड़ने वाला है कार्तिक आर्यन का खेल ?**

राम चरण 'गेम चेंजर' की शूटिंग पूरी कर चुके हैं. इसके बाद पोस्ट प्रोडक्शन का काम शुरू कर दिया जाएगा. फिल्म को शंकर डायरेक्ट कर रहे हैं.

हर कोई रिलीज डेट का इंतजार कर रहा है. हाल ही में तेलुगु 360 डॉट कॉम की एक रिपोर्ट सामने आई है. इससे पता लगा कि, मेकर्स 'गेम चेंजर' को दिवाली पर रिलीज करने की प्लानिंग कर रहे हैं. जुलाई में ऑफिशियल तौर पर रिलीज डेट का ऐलान कर दिया जाएगा. दरअसल फिल्म की शूटिंग में एक साल से ज्यादा देर हो चुकी है. जिसके चलते बजट भी काफी ऊपर पहुंच गया है.शंकर के खाते में दो बड़ी फिल्में हैं. पहली- गेम चेंजर, जिसमें राम चरण और कियारा आडवाणी काम करने वाले हैं.

वहीं दूसरी पिक्चर है 'इंडियन 2'. इस फिल्म में कमल हासन नजर आएंगे. दरअसल डायरेक्टर ने 'इंडियन 2' की शूटिंग दोबारा शुरू कर दी, जिससे गेम चेंजर की शूटिंग में और देरी हुई. 'गेम चेंजर' एक्शन से भरपूर एक राजनीतिक ड्रामा है. वहीं, दिल राजू इसे प्रोड्यूस कर रहे हैं. फिल्म की शूटिंग के बाद राम चरण ब्रेक पर हैं और वो अगस्त से बुची बाबू की फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे. यह फिल्म एक स्पोर्ट्स ड्रामा होने वाली हैं, जिसमें उनके साथ जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं.

